भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1403**
दिनांक 13.02.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

**तिरूपति जिले में जल जीवन मिशन का प्रसार और प्रभावकारिता**

**1403. श्री मड्डीला गुरूमूर्तिः**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) तिरूपति जिले में जल जीवन मिशन (जेजेएम) के अंतर्गत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के कितने परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं;
(ख) उक्त जिले की अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति बहुल ऐसी बस्तियों का प्रतिशत कितना है जहां जल जीवन मिशन पूरी तरह से लागू किया गया है और पूरे राज्य में इस कवरेज की स्थिति क्या है;
(ग) सरकार द्वारा उक्त मिशन के भाग के रूप में जल प्रबंधन समितियों में सामुदायिक भागीदारी, विशेषकर महिलाओं की भागीदारी, सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं और इन कदमों का तिरुपति जिले में क्या प्रभाव पड़ा है; और
(घ) 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन (पीसी/पीडी) के राष्ट्रीय लक्ष्य के आलोक में, तिरुपति जिले के विशेष संदर्भ में विगत पांच वर्षों के दौरान औसतन प्रति व्यक्ति प्रतिदिन नल जल की उपलब्धता में राज्य-वार वृद्धि की प्रवृत्ति क्या रही है?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री वी. सोमण्णा)

(क) से (घ) भारत सरकार देश के सभी ग्रामीण परिवारों को निर्धारित गुणवत्ता के साथ पर्याप्त मात्रा में अर्थात् 55 एलपीसीडी, नियमित और दीर्घकालिक आधार पर सुरक्षित तथा पीने योग्य नल जल आपूर्ति के लिए प्रावधान करने हेतु प्रतिबद्ध है। इस दिशा में, अगस्त 2019 से, भारत सरकार प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नल जल आपूर्ति का प्रावधान करने के लिए राज्यों के साथ भागीदारी में जल जीवन मिशन (जेजेएम) का कार्यान्वयन कर रही है। जल राज्य का विषय होने के कारण जल जीवन मिशन के अंतर्गत आने वाली योजनाओं सहित पेयजल आपूर्ति

की योजनाओं/कार्यों की आयोजना, अनुमोदन, कार्यान्वयन, संचालन और रखरखाव का उत्तरदायित्व राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों का है। भारत सरकार तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्यों की सहायता करती है।

जेजेएम के शुभारंभ के समय, आंध्र प्रदेश में, राज्य के 30.74 लाख ग्रामीण परिवारों (32.18%) के पास नल जल कनेक्शन थे। तब से, ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 39.72 लाख परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं और 09.02.2025 तक, राज्य के कुल 95.53 लाख ग्रामीण परिवारों में से लगभग 70.46 लाख (73.76%) परिवारों में नल जल कनेक्शन हैं, जिनमें क्रमशः 8.66 लाख एससी और 3.78 लाख एसटी परिवार शामिल हैं।

इसी तरह, जेजेएम के शुभारंभ के साथ, आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले में लगभग 2.40 लाख ग्रामीण परिवारों (57.58%) के पास नल जल कनेक्शन थे। तब से, ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 1.76 लाख परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। दिनांक 09.02.2025 की स्थिति के अनुसार, जिले के कुल 4.17 लाख ग्रामीण परिवारों में से लगभग 4.16 लाख (99.82%) परिवारों में, क्रमशः 1.19 लाख एससी और 0.26 लाख एसटी परिवारों सहित, नल जल कनेक्शन हैं। इस विभाग द्वारा अन्य पिछडे वर्गों के आंकडे नहीं रखे जाते हैं।

राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार, दिनांक 09.02.2025 की स्थिति के अनुसार, तिरूपति जिले में कुल 4,018 बसावटें हैं, जिनमें से 487 बसावटें 'अनुसूचित जनजाति बहुल' और 1,331 बसावटें 'अनुसूचित जाति बहुल' के रूप में चिन्हित हैं। जिनमें से, 485 'अनुसूचित जनजाति-बहुल बसावटों' और 1,328 'अनुसूचित जाति-बहुल बसावटों' में 09.02.2025 तक कार्य परिपूर्ण हो चुका है।

सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए जल जीवन मिशन के कार्यान्वयन के लिए कार्यसंबंधी दिशानिर्देश में गांव में जल आपूर्ति प्रबंधन की जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए एक ग्राम जल और स्वच्छता समिति (वीडब्ल्यूएससी)/पानी समिति/उपयोगकर्ता समूह आदि के गठन का प्रावधान किया गया है। इस समिति में आम तौर पर 10-15 सदस्य होते हैं, जिनमें 25% तक निर्वाचित पंचायत सदस्य, 50% महिलाएं और शेष 25% में से उनकी आबादी के अनुपात में कमजोर वर्गों (एससी/एसटी) के सदस्य शामिल होते हैं।

तिरुपति जिले में, 908 गांव हैं, जिनमें से 901 गांवों में वीडब्ल्यूएससी का गठन किया गया है। इससे ग्रामीण स्तर पर जल प्रबंधन में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है।

पिछले 5 वर्षों के दौरान जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रदान किए गए राज्य-वार नल जल कनेक्शनों का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

****

दिनांक 13.02.2025 को उत्तर दिए जाने हेतु नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1403 के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

वर्ष 2019-20 से 2024-25 के दौरान जेजेएम के तहत प्रदान किए गए नल जल कनेक्शन (09/02/2025 तक)

| # | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | कुल ग्रामीण परिवार | दिनांक 15 अगस्त 2019 को नल कनेक्शन की संख्या | वित्तीय वर्षों के दौरान प्रदान किए गए नल कनेक्शन | | | | | | दिनांक 10/02/25 तक प्रदान किए कुल नल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 | |
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 62,037 | 28,547 | 0 | 33,490 | 0 | 0 | 0 | 0 | 62,037 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 95,53,169 | 30,74,310 | 1,19,090 | 12,76,628 | 9,59,256 | 11,88,498 | 3,86,490 | 41,953 | 70,46,225 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 2,28,566 | 22,796 | 13,350 | 65,087 | 41,964 | 33,797 | 51,572 | 0 | 2,28,566 |
| 4 | असम | 72,25,389 | 1,11,311 | 48,826 | 5,07,217 | 16,52,387 | 8,74,641 | 22,95,421 | 3,86,102 | 58,75,905 |
| 5 | बिहार | 1,67,55,041 | 3,16,391 | 28,97,107 | 1,03,45,628 | 19,85,975 | 3,63,023 | 1,26,504 | 1,089 | 1,60,35,717 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 50,03,522 | 3,19,741 | 95,804 | 1,50,926 | 4,45,107 | 10,80,547 | 18,04,922 | 1,23,794 | 40,20,841 |
| 7 | दादरा एवं नगर हवेली तथा दमण एवं दीव | 85,156 | 0 | 0 | 24,592 | 60,564 | 0 | 0 | 0 | 85,156 |
| 8 | गोवा | 2,63,922 | 1,99,094 | 31,081 | 32,827 | 0 | 0 | 0 | 920 | 2,63,922 |
| 9 | गुजरात | 91,18,415 | 65,16,258 | 1,05,529 | 10,94,588 | 8,98,641 | 5,03,399 | 0 | 0 | 91,18,415 |
| 10 | हरियाणा | 30,41,314 | 17,66,363 | 1,35,217 | 7,91,155 | 3,48,579 | 0 | 0 | 0 | 30,41,314 |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 17,08,727 | 7,62,721 | 1,58,932 | 3,78,579 | 2,86,547 | 92,872 | 29,076 | 0 | 17,08,727 |
| 12 | जम्मू एवं कश्मीर | 19,23,514 | 5,75,466 | 2,07,295 | 2,15,579 | 57,890 | 39,861 | 3,47,425 | 1,11,949 | 15,55,465 |
| 13 | झारखंड | 62,55,717 | 3,45,165 | 95,284 | 2,99,731 | 4,18,618 | 8,76,785 | 11,92,958 | 1,90,559 | 34,19,100 |
| 14 | कर्नाटक | 1,01,32,148 | 24,51,220 | 21,446 | 3,43,077 | 18,70,487 | 20,56,621 | 9,23,031 | 7,66,346 | 84,32,228 |
| 15 | केरल | 70,79,554 | 16,64,091 | 85,476 | 4,04,464 | 6,63,874 | 5,29,487 | 3,66,937 | 1,26,253 | 38,40,582 |
| 16 | लद्दाख | 40,671 | 1,414 | 550 | 1,762 | 8,907 | 18,010 | 7,057 | 1,364 | 39,064 |
| 17 | लक्षद्वीप | 13,370 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 10,836 | 1,383 | 12,219 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 1,11,88,550 | 13,53,151 | 4,19,152 | 19,86,546 | 10,89,412 | 8,90,863 | 11,30,228 | 6,58,563 | 75,27,915 |
| 19 | महाराष्ट्र | 1,46,80,627 | 48,43,832 | 5,44,596 | 37,08,868 | 10,65,501 | 8,21,630 | 15,16,996 | 4,58,248 | 1,29,59,671 |
| 20 | मणिपुर | 4,51,619 | 25,920 | 4,459 | 1,96,153 | 69,908 | 48,767 | 7,868 | 6,384 | 3,59,459 |
| 21 | मेघालय | 6,50,914 | 4,550 | 1,729 | 87,355 | 1,33,670 | 80,305 | 1,90,929 | 33,642 | 5,32,180 |
| 22 | मिजोरम | 1,33,060 | 9,201 | 15,878 | 33,790 | 21,493 | 30,213 | 22,485 | 0 | 1,33,060 |
| 23 | नागालैंड | 3,63,781 | 13,882 | 1,944 | 47,595 | 92,132 | 87,199 | 74,907 | 19,515 | 3,37,174 |
| 24 | ओडिशा | 88,69,536 | 3,10,866 | 4,36,585 | 15,47,352 | 17,47,458 | 12,22,183 | 12,06,463 | 3,07,256 | 67,78,163 |
| 25 | पुदुचेरी | 1,14,969 | 93,506 | 6,487 | 8,287 | 6,628 | 61 | 0 | 0 | 1,14,969 |
| 26 | पंजाब | 34,26,808 | 16,78,558 | 76,164 | 8,18,020 | 8,40,379 | 4,932 | 2 | 8,753 | 34,26,808 |
| 27 | राजस्थान | 1,07,77,074 | 11,74,131 | 1,02,169 | 6,80,883 | 5,38,030 | 13,88,472 | 12,17,862 | 8,65,127 | 59,66,674 |
| 28 | सिक्किम | 1,32,827 | 70,345 | 0 | 10,278 | 7,909 | 19,409 | 9,971 | 2,713 | 1,20,625 |
| 29 | तमिलनाडु | 1,25,28,183 | 21,76,071 | 16,741 | 16,13,190 | 14,89,972 | 26,52,454 | 23,05,376 | 8,17,430 | 1,10,71,234 |
| 30 | तेलंगाना | 53,98,219 | 15,68,301 | 20,18,118 | 18,00,543 | 0 | 11,257 | 0 | 0 | 53,98,219 |
| 31 | त्रिपुरा | 7,50,844 | 24,502 | 45,756 | 1,42,211 | 1,65,207 | 80,688 | 1,32,355 | 47,133 | 6,37,850 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | 2,67,28,935 | 5,16,221 | 4,65,861 | 19,15,850 | 5,80,816 | 59,88,189 | 1,20,51,292 | 19,01,259 | 2,34,19,488 |
| 33 | उत्तराखंड | 14,50,635 | 1,30,325 | 86,793 | 4,32,301 | 2,74,958 | 2,14,873 | 2,25,370 | 46,042 | 14,10,662 |
| 34 | पश्चिम बंगाल | 1,75,56,704 | 2,14,588 | 4,720 | 12,47,860 | 23,30,522 | 20,76,714 | 22,91,726 | 13,99,407 | 95,65,537 |
| **कुल** | | **19,36,93,517** | **3,23,62,838** | **82,62,139** | **3,22,42,412** | **2,01,52,791** | **2,32,75,750** | **2,99,26,059** | **83,23,182** | **15,45,45,171** |

डाटा स्रोत: जेजेएम-आईएमआईएस